अमर उजाला

बरेली
शुक्रवार, 6 अक्तूबर 2023
आश्विन कृष्ण सप्तमी/अष्टमी
विक्रम संवत 2080

PAGE NO : 06 TOP

बैडमिंटन प्रतियोगिता का आगाज आज

बरेली। जिला बैडमिंटन एसोसिएशन की ओर से शुक्रवार से योनेक्स सनराइज डॉ. अखिलेश दास गुप्ता ऑल इंडिया सीनियर मेजर रैंकिंग बैडमिंटन प्रतियोगिता का आगाज शुक्रवार को होगा। प्रतियोगिता के मुकाबले स्पोर्ट्स स्टेडियम, एसआरएमएस मेडिकल और इंजीनियरिंग कॉलेज में कराए जाएंगे। छह से आठ अक्तूबर के बीच प्रतियोगिता का क्वालिफाइंग राउंड खेला जाएगा। नौ से 12 अक्तूबर के बीच मुख्य ड्रॉ के मुकाबले होंगे। संघ के सचिव अनिल मेहरोत्रा ने बताया कि महिला व पुरुष वर्ग में 1,300 खिलाड़ी प्रतिभाग करेंगे। अब तक पुरुष एकल में 750, पुरुष युगल में 222, महिला एकल में 270, महिला युगल में 95 और मिश्रित युगल में 155 प्रविष्टियां प्राप्त हो चुकी हैं। अरुणाचल प्रदेश, आंध्र प्रदेश, उत्तराखंड, महाराष्ट्र, असम, मणिपुर, चंडीगढ़, छत्तीसगढ़, दिल्ली, पश्चिम बंगाल, गुजरात, हरियाणा समेत अन्य कई राज्यों से प्रविष्टियां मिली हैं। शुक्रवार को सीडीओ जगप्रवेश प्रतियोगिता का शुभारंभ करेंगे। संवाद